नवरात्रि एवं गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

www.naiduniaonline.com वर्ष- 79 (भोपाल : वर्ष 41 अंक 110, पृष्ठ 12) चैत्र, प्रतिपदा संवत् 2082 गुरुवार, 19 मार्च 2026 राजधानी संस्करण कीमत: 3:00 रुपये


राजधानी... गुड़ी पड़वा सांस्कृतिक परंपरा और ...


खेल... वेस्टइंडीज सीरीज से पहले सोफी मोलिनस अपनी...


व्यापार... किफायती यात्रा पर जोर: भारतीय रेलवे में बढ़े ...


देश-विदेश... अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भेजा...

## राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु से मिले राज्यपाल पटेल



**भोपाल :** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को शिष्टाचार भेंट की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री पटेल ने उनका अभिनंदन किया। श्रीमती मुर्मु को राज्यपाल श्री पटेल ने भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ श्रीलंका से पवित्र बौद्ध अवशेषों को भारत वापस लाने की अपनी यात्रा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रपति को राज्य की प्रगति से अवगत कराया तथा विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

## आपदा में सुरक्षा कवच हैं होमगार्ड : डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्राकृतिक आपदा या मानव निर्मित दुर्घटनाओं के समय नुकसान को कम करना और जनजीवन को शीघ्र सामान्य करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। ऐसे संकट में होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवक समाज के लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में 82 हजार से अधिक प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की मजबूत टीम कार्यरत है, जो आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। होमगार्ड परेड ग्राउंड में आयोजित नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम-2026 में मुख्यमंत्री ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए बचाव कार्यों के डेमोंस्ट्रेशन का अवलोकन किया। इसमें बाढ़ के



दौरान रबर बोट और फ्लोटिंग रॉफ्ट तैयार करना, रोप ब्रिज निर्माण, सीपीआर देना, रोप रेस्क्यू और हवाई हमलों के दौरान बचाव के तरीके शामिल थे। इंदौर की महिला स्वयंसेवकों ने आत्मरक्षा का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर वालेंटियर्स को सुरक्षा जैकेट वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलती तकनीक के साथ नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं, इसलिए होमगार्ड और सिविल डिफेंस को आधुनिक तकनीक के अनुरूप प्रशिक्षित होना जरूरी है। उन्होंने इंदौर में हाल ही में हुए हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जर से लगी आग और डिजिटल लॉक के कारण लोगों की जान गई, ऐसे मामलों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख सड़कों के आसपास के थाना स्टाफ को सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। राज्य सरकार द्वारा 'राहवीर योजना' और 'पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा' जैसी पहलें भी इसी दिशा में कारगर साबित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने बेटियों को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे समाज की सुरक्षा क्षमता और मजबूत होगी।

## रूसी तेल टैंकर का यू-टर्न अब चीन नहीं भारत आएगा



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** रूस से तेल ले जा रहे कम से कम सात टैंकरों ने बीच रास्ते में ही चीन के बजाय भारत की ओर मुड़ गए हैं। वहीं भारत के सभी प्रमुख रिफाइनर रूसी कच्चे तेल को खरीदने के लिए सक्रिय हो गए हैं। दुनियाभर में ईंधन आपूर्ति को लेकर मचे हाहाकार के बीच रूसी तेल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक एक रूसी तेल से भरा टैंकर, जो चीन की तरफ बढ़ रहा था, दक्षिण चीन सागर में अपना रास्ता बदलकर अब तेजी से भारत की ओर बढ़ रहा है। ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक 'एक्का टाइटन' 21 मार्च को न्यू मैंगलोर तट पर पहुंचने वाला है। यह टैंकर अपने साथ 'यूराल' तेल का कार्गो ला रहा है, जिसे जनवरी के आखिर में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से लोड किया गया था। यह जहाज शुरुआत में चीन के रिझाओ पोर्ट की तरफ जा रहा था। लेकिन हाल ही में इसने अपनी मंजिल बदल ली। वहीं 'वॉर्टेक्सा लिमिटेड' के मुताबिक रूस से तेल ले जा रहे कम से कम सात टैंकर ने सफर के बीच में ही चीन की बजाय भारत की ओर मुड़ गए हैं। इसके अलावा ट्रैकिंग डेटा से यह भी पता चला है कि 'स्वेज़मैक्स ज़ूज़ू एन.' जहाज ने भारत के सिक्का बंदरगाह को अपनी अगली मंजिल बताया है और यह 25 मार्च को यहां पहुंच सकता है। यह टैंकर कजाखस्तान का कच्चा तेल ले जा रहा है।

### बच्चे के शव को दफनाया; अंतिम विदाई देने उमड़ा शहर

# इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान घर जला, आठ लोगों की मौत

**एक साथ जलीं सात चिताएं | प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री ने दुख जताया | जांच के निर्देश**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर में एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। बृजेश्वरी एनएक्स इलाके में आज सुबह हुए अग्निकांड हादसे में एक ही परिवार के 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जिनमें मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इस दर्दनाक हादसे में कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन समेत 8 लोगों का जीवन समाप्त हो गया, जबकि 4 लोग घायल हैं। शाम को तिलकनगर मुक्तिधाम में शवों का अंतिम संस्कार किया। जहां एक साथ 7 चिताएं जलीं। जबकि बच्चे के शव को दफनाया गया है, जिसे एक बॉक्स में रखकर लाया गया था।



**गमगीन माहौल में डूबा इंदौर :** घर के बाहर खड़ी टाटा की इलेक्ट्रिक कार में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में घर के मालिक मनोज पुगलिया समेत सात अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**मार्मिक दृश्य देख नम हुई आंखें :** हालांकि, इस हादसे में मनोज पुगलिया की पत्नी और उनके तीनों बेटे किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे, लेकिन परिवार के अन्य सदस्यों को नहीं बचाया जा सका। घटना के बाद सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और बाद में अंतिम संस्कार के लिए तिलक नगर मुक्तिधाम लाया गया। जहां एक ही परिवार के सभी शवों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। यह दृश्य इतना मार्मिक था कि वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। पूरे इलाके में शोक का माहौल है और लोग इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध हैं।

**शमशान घाट में उमड़ा शहर :** बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान एक ईवी कार चार्जिंग में लगी हुई थी। हादसा ईवी चार्जिंग प्वाइंट में विस्फोट के कारण हुआ। इसी बीच हादसे का शिकार बने मकान में कई प्रकार के रसायन और गैस सिलेंडर भी बड़ी संख्या में रखे होने की बात सामने आ रही है। इन्हीं सभी पहलुओं के कारण आग तेजी से फैली। इसी बीच घर के दरवाजों में लगे डिजिटल लॉक भी आग के कारण खुल नहीं पाए।

**पीएम-सीएम ने दुख जताया, मृतकों के परिजन को मिलेंगे 2 लाख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्ववीट कर हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। एमपी के सीएम मोहन यादव ने भी हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

**जांच के निर्देश दिए**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग से हुई दुर्घटना से नई चुनौती सामने आई है। इसकी गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को व्यवस्थित जांच के निर्देश दिए हैं।

## नई दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 मौतें

### इनमें तीन लड़कियां; दमकल ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया, दो ने छलांग लगाकर जान बचाई



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। नई दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

**दो घायलों का इलाज आईजीआई अस्पताल में चल रहा :** बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं।
घटना में मारे गए 8 लोगों के शव मणिपाल अस्पताल और एक महिला का शव आईजीआई अस्पताल लाया गया था। घायलों में दो का इलाज आईजीआई अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन नाबालिग लड़कियां (15, 6 और 3 साल) शामिल हैं। अनिल (32) और 2 साल की एक बच्ची अस्पताल में भर्ती हैं। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सचिन (29) लगभग 25% झुलस चुके हैं।

## भाजपा में शामिल हुए सांसद प्रद्युत बोरदोलोई

**नई दिल्ली।** असम में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के लोकसभा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के अन्य नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के इस वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। सरमा ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को बोरदोलोई के पार्टी में शामिल होने को मंजूरी दे दी थी।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा, आज, कांग्रेस के मौजूदा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल हो गए हैं। हमारे प्रदेश अध्यक्ष

## छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री का दखल ठीक नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री का मौके पर पहुंचना और हस्तक्षेप करना अच्छी स्थिति नहीं है। अदालत ने यह भी पूछा कि ऐसे असामान्य हालात में केंद्रीय एजेंसी के पास क्या कोई उपाय नहीं होना चाहिए। यह मामला उस समय का है जब ईडी ने चुनाव से पहले आई-पीएसी के दफ्तरों पर छापा मारा था। इस दौरान ममता बनर्जी भी वहां पहुंच गई थीं। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मुख्यमंत्री का इस तरह हस्तक्षेप करना सत्ता का गंभीर दुरुपयोग है।



सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, ममता बनर्जी छापेमारी के दौरान चुनाव रणनीतिकार कंपनी आई-पीएसी के प्रमुख प्रतीक जैन के घर और दफ्तर पहुंचीं। एजेंसी का आरोप है कि वह वहां से एक लैपटॉप, मोबाइल फोन और कई दस्तावेज अपने साथ ले गईं। सुप्रीम कोर्ट ने इसे जांच में बाधा डालने वाला कदम बताया।

## नई दिल्ली-एनसीआर में आंधी बारिश

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में धूलभरी हवाओं के साथ बूंदाबांदी से मौसम बदल गया है। गुरुवार और शुक्रवार को भी नई दिल्ली में मौसम का कमोबेश ऐसा ही रुख देखने को मिलेगा। नई दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में मौसम पूरी तरह बदल गया है।

शाम को अचानक काले बादलों के साथ अंधेरा छा गया और कई जगहों पर तेज आंधी के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने पहले ही ऐसी संभावना जताई थी क्योंकि पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी हो रही है।

## 80,800 मीट्रिक टन तेल लेकर गुजरात आया जहाज

**मुंद्रा (गुजरात):** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच भारतीय ध्वज वाला क्रूड ऑयल टैंकर, जग लाडकी, गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर सफलतापूर्वक पहुंच गया है, जो ऊर्जा संकट के बीच राहत की बात है. यह जहाज लगभग 80,886 मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर पोर्ट पर पहुंचा।

## युद्ध के बीच भारत ने ईरान को भेजी पहली मदद

**नई दिल्ली।** इजराइल और अमेरिका के हमले के बीच भारत ने ईरान को चिकित्सा मदद की पहली खेप भेज दिया है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की। भारत में ईरानी दूतावास ने बताया कि यह खेप ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को प्राप्त हुई और उन्होंने भारत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सांचौर में इथेनॉल से भरा टैंकर पलटा, ड्राइवर जिंदा जला



**सांचौर (जालोर)।** जिले में जैसलमेर-जामनगर नेशनल हाईवे पर बुधवार दोपहर भीषण हादसा हो गया, जब एथेनॉल से भरे टैंकर में पलटने के बाद आग लग गई. हादसा दोपहर करीब 2 बजे सिंवाड़ा ओवरब्रिज के पास हुआ, जहां टैंकर पलटते ही आग लग गई और देखते ही देखते सड़क पर करीब 200 मीटर तक लपटें फैल गईं।

## कैबिनेट : 33660 करोड़ रुपये की स्कीम को दी हरी झंडी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने देश में इंडस्ट्रियल ग्रोथ को तेज करने के लिए 33660 करोड़ रुपये की एक बड़ी योजना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में भारत औद्योगिक विकास योजना को हरी झंडी दी गई, जिसके तहत पूरे देश में 100 आधुनिक प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल पार्क डेवलप किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में भारत औद्योगिक विकास



योजना को हरी झंडी दी गई, जिसके तहत पूरे देश में 100 आधुनिक प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल पार्क डेवलप किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने देश में इंडस्ट्रियल ग्रोथ को तेज करने के लिए 33660 करोड़ रुपये की एक बड़ी योजना को मंजूरी दे दी है।

**विदाई** | प्रधानमंत्री मोदी : 'सेकेंड ओपिनियन' को बताया लोकतंत्र की ताकत...

## खड़गे बोले, 'मोहब्बत हमसे की, शादी मोदी साहब से कर ली...',

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** नई दिल्ली। कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने 37 सांसदों की विदाई के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा पर कुछ ऐसा कहा कि अब यह बात चर्चा का विषय बन गई है।

राज्यसभा के 37 सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। बुधवार को संसद सत्र के दौरान इन सभी सांसदों को विदाई दी गई। राज्यसभा में इन सांसदों को विदाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ सांसदों के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं लगता। वहीं, कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री और राज्यसभा सांसद एच डी देवगौड़ा के लिए कहा कि उन्होंने मोहब्बत तो उनसे (कांग्रेस से) की लेकिन शादी मोदी साहब से कर ली। उनकी इस बात पर सदन में खूब ठहाके लगे।



संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एचडी देवगौड़ा, मल्लिकार्जुन खड़गे और शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं की तारीफ करते हुए कहा कि इन लोगों ने अपनी आधी उम्र संसदीय जीवन में गुजारी है इसलिए सभी नए सांसदों को इनसे सीखना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि जो सांसद अभी विदाई ले रहे हैं, उसमें से कुछ फिर से सदन आएंगे क्योंकि राजनीति में कोई फुल स्टॉप नहीं होता है। उन्होंने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की भी जमकर तारीफ की और कहा कि वह कलम के धनी तो हैं ही, कर्म के मामले में भी आगे हैं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने एच डी देवगौड़ा का जिक्र करते हुए कहा, एच डी देवगौड़ा जी का उल्लेख करना चाहूंगा। वह प्रधानमंत्री और कई पदों पर रहे। मैं उन्हें बहुत दिनों से, 54 साल से जानता हूं। उनके साथ ही मैंने काम किया लेकिन क्या हुआ मुझे मालूम नहीं। वह तो मोहब्बत हमारे साथ किए और शादी मोदी साहब के साथ कर लिए। यह रीसेंटली हुआ है। आप कैसे माने मुझे मालूम नहीं है। उनकी इस बात पर सदन में ठहाके गूजने लगे।

### विदाई ले रहे सांसदों को दी शुभकामनाएं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विसदनीय संसदीय प्रणाली की अहमियत बताते हुए कहा कि एक सदन में लिए गए निर्णय दूसरे सदन में 'सेकेंड ओपिनियन' के रूप में आते हैं, जिससे निर्णय प्रक्रिया और अधिक समृद्ध होती है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था लोकतंत्र को मजबूत बनाती है और बेहतर फैसलों का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान विदाई ले रहे सांसदों के योगदान की सराहना की और लोकतांत्रिक परंपराओं की अहमियत पर जोर दिया।

## नाटो ने छोड़ा साथ तो फंसा अमेरिका ईरान ने होर्मुज में पलट दी बाजी

**वॉशिंगटन/तेहरान :** अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले को 19 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी इसके जल्द खत्म होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान में शासन के बदलाव पर जोर दिया है, वहीं सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद भी ईरान ने झुकने से इनकार कर दिया है। इस बीच ईरान होर्मुज स्ट्रेट से होने वाली अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर हमला करके वैश्विक ऊर्जा सप्लाई को हिला दिया है। होर्मुज संकट एक ऐसा मुद्दा बन गया है जिसमें



अमेरिका फंस गया है। ईरान युद्ध में अमेरिका के नाटो सहयोगियों से उसका साथ छोड़ दिया है, और वॉशिंगटन के पास इजरायल के सिवा कोई नहीं है। होर्मुज स्ट्रेट अमेरिका के लिए इतनी बड़ी मुश्किल बन गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसे खुलवाने के लिए चीन से मदद मांगने को मजबूर होना पड़ा। ईरान ने सुप्रीम लीडर, मिलिट्री चीफ और तमाम टॉप कमांडरों के मारे जाने के बाद भी होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका के हर दांव को नाकाम कर दिया है। मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी से युद्ध शुरू होने के बाद ईरान ने खाड़ी में कम से कम 17 जहाजों पर हमला किया है। ईरान के हमलों के चलते इस संकरे समुद्री गलियारे से जहाजों का आना-जाना काफी कम हो गया है।